झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

13 Feb 2025

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

# R.N.S ACADEMY

## 13 फरवरी का इतिहास

- **1948 :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आमरण अनशन शुरू किया।
- **1984 :** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नौसेना के लिए मुंबई स्थित मझगांव डॉक का शुभारंभ किया।
- **2001 :** अंतरिक्ष में क्षुद्रग्रह इरोस पर पहला मानव रहित यान उतरा
- **1931 :** नई दिल्ली को भारत की राजधानी घोषित किया गया।
- **2010 :** भारत के सबसे चर्चित राज्य महाराष्ट्र के पुणे में यहूदियों के प्रार्थना स्थल के पास बेकरी में एक बम विस्फोट हुआ, जिसमें करीब 17 लोगों की जान चली गई।

## 13 फरवरी से संबंधित करेंट अफेयर्स

- कर्नाटक की आखिरी नक्सली लक्ष्मी ने आत्मसमर्पण कर दिया और राज्य अब नक्सल मुक्त घोषित हो गया हैं। लक्ष्मी को 7 लाख रूपये का सरेंडर पैकेज मिलेगा। वह इस राशि को पाने की हकदार है, क्योंकि वह सरेंडर के लिए ए श्रेणी में आती हैं। उडुपी जिले में लक्ष्मी के खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं। सरेंडर करने के बाद उसने अधिकारियों से आरोपो से मुक्त होने की अपील की। ए श्रेणी कर्नाटक राज्य से आने वाले नक्सलियों के लिए हैं। सरेंडर पैकेज तीन साल में चरणों में दिए जाएंगे। मुख्य क्षमता के आधार पर शिक्षा, पुनर्वास और रोजगार मुहैया कराया जाएगा।
- पूरे पूर्वोत्तर राज्यों में ग्रीन स्कूल रेटिंग प्राप्त करने वाला एकमात्र शैक्षणिक संस्थान पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नामची सिक्किम हैं। विज्ञान और पर्यावरण केंद्र हर साल ग्रीन कार्निवल और ग्रीन पुरस्कार समारोह आयोजित करता हैं। यह समारोह भारत भर के विभिन्न स्कूलों के युवा पर्यावरणविदों को शामिल करने के लिए आयोजित किया जाता हैं। जुलाई दिसंबर की ग्रीन स्कूल ऑडिट रिपोर्ट का मूल्यांकन और विश्लेषण किया जाता है और ग्रीन के रूप में रेट किए गए स्कूलों को पुरस्कार दिए जाते है।
- भारत के कार्बन बाजारों को मजबूत करने और डीकार्बोनाइजेशन प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए नई दिल्ली में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ओर कार्बन मार्केट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। वैश्विक और भारतीय कार्बन बाजारों पर आईआईसीए सीएमएआई मास्टरक्लास के उद्घघाटन दिवस पर इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य उद्योग के पेशेवरों, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों को भारत के उभरते कार्बन बाजारों में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक ज्ञान और विशेषज्ञता से लैस करना है।
- घरेलू उपकरणों से लेकर औद्योगिक सामग्रियों तक 150 से अधिक उत्पादों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश को अनिवार्य करके सरकार द्वारा गुणवत्ता अनुपालन आवश्यकताओं का विस्तार किया गया है। इसका उद्देश्य सख्त सुरक्षा और प्रदर्शन मानकों को सुनिश्चित करना है।
- दिल्ली में मतदाताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने चंद्रयान से चुनाव तक पहल शुरू की। चंद्रयान से चुनाव तक पहल का उद्देश्य अंतरिक्ष अन्वेषण को चुनावी प्रक्रिया से जोड़ना है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों का जश्न मनाकर मतदाताओं में जागरूकता और उत्साह बढ़ाना हैं। बूथों पर चंद्रयान और गगनयान के मॉडल थे। बूथों पर बायोस्कोप और टेलीस्कोप के माध्यम से ग्रहों के इंटरैक्टिव डिस्प्ले भी लगाएं जाएंगे। मतदाता इस अनुभव से बहुत खुश हुए और कई लोगों ने इस अभिनव दृष्टिकोण की सराहना की।
- विश्व फार्माकोपिया की 15वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय फार्माकोपिया आयोग द्वारा आयोजित की गई। आईपीसी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से इस कार्यक्रम की मेजबानी की। बैठक में वैश्विक फार्माकोपियन नेताओं, नियामक प्राधिकरणों और उद्योग हितधारकों ने भाग लिया और दवा मानकों ओर सामंजस्य से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।
- नाइजर, माली और बुर्किना फासो ने औपचारिक रूप से क्षेत्रीय ब्लॉक इकोवास से खुद को अलग कर दिया हैं। माली, बुर्किना फासो और नाइजर का अलग होना इकोवास के लिए बहुत बड़ा झटका है। इन तीनों देशो ने राजनयिक शासन को बहाल करने की मांग के बाद इकोवास को छोड़ने का फैसला किया। 2023 में नाइजर 2022 में बुर्किना फासो और 2020 में माली में सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के बाद इकोवास और इन तीनो देशो के बीच संबंध खराब हो गए।
- अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से अपनी सदस्यता वापस ले ली हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से अमेरिका के बाहर निकलने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। अमेरिका फिलिस्तानी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी को कोई धन नही भेजेगा। कार्यकारी आदेश के अनुसार निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी ने लगातार खुद को यहूदी विरोधी और इजरायल विरोधी दिखाया हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व रेडियो दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 फरवरी (B) 12 फरवरी
(C) 13 फरवरी (D) 15 फरवरी

**(C)** हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता हैं। यह दिवस रेडियो के महत्व के बारे में आम जनता को बताने और उसके इसके इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता हैं। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य संचार में रेडियो के योगदान को महत्व को बताना है। मॉडर्न जमाने में भी रेडियो नॉलेज, एंटरटेनमेंट और इंफॉर्मेशन का प्रमुख केंद्र है।




**2. हाल ही में WhatsApp आधारित मनमित्र किस राज्य में 161 सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराएगा ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) पश्चिम बंगाल
(C) हिमाचल प्रदेश (D) आंध्रप्रदेश

**(D)** हाल ही में आंध्रप्रदेश सरकार ने माना मित्र नाम से एक अनुठी पेशकश की शुरूआत की है, जिसके माध्यम से नागरिक जब 161 सरकारी सेवाओं तक एप्लीकेशन के माध्यम से आसानी से पहुंच सकते है। यह सेवा आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार और रियल टाइम अवेंसेंस मंत्री नरेश लोकेश द्वारा अमरावती में लॉन्च किया गया। इसका पहला उद्देश्य सरकारी सेवाओं को जनता के बीच और करीब लाना है।




**3. हाल ही में किस देश की राजधानी में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की जाएगी ?**

(A) UAE (B) सऊदी अरब
(C) जापान (D) जर्मनी

**(C)** जापान की राजधानी टोक्यो में छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। महाराष्ट्र के सतारा से शुरू हुई इंडो जापान शिव स्वराज रथ यात्रा अब बैतुल पहुंच गई है। स्टेनलेस स्टील और विशेष फाइबर से निर्मित साढ़े आठ फुट ऊंची यह प्रतिमा पुणे के प्रसिद्ध मूर्तिकार विवेक खटवाकर द्वारा बनाई गई है, जिसमें शिवाजी महाराज को घुड़सवार मुद्रा में दर्शाया गया है।




**4. सरोजिनी नायडू जयंती प्रतिवर्ष कब मनाई जाती है ?**

(A) 7 फरवरी (B) 10 फरवरी
(C) 11 फरवरी (D) 13 फरवरी

**(D)** 13 फरवरी को भारत की कोकिला यानी सरोजनी नायडू की जयंती के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में वैज्ञानिक और दार्शनिक अघोरनाथ चट्टोपाध्याय और बरदा सुंदरी देवी के घर हुआ था। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष थीं और किसी भारतीय राज्य की पहली महिला राज्यपाल भी थीं, जो संयुक्त प्रांत की राज्यपाल थीं, जिसे अब उत्तर प्रदेश के नाम से जाना जाता है।



**5. हाल ही में किस राज्य सरकार ने यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है ?**

(A) ओडिशा (B) महाराष्ट्र
(C) गुजरात (D) गोवा

**(C)** हाल ही में गुजरात ने समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए 5 सदस्यीय समिति गठित की गांधीनगरः गुजरात सरकार ने घोषणा की कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने और कानून बनाने के लिए सेवानिवृत सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है।



**6. हाल ही में कौनसा देश चीन के चांग ए-8 चंद्र मिशन में शामिल हुआ ?**

(A) भारत (B) ऑस्ट्रेलिया

(C) रूस (D) पाकिस्तान

**(D)** हाल ही में पाकिस्तान के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में स्पेस एंड अपर एटमॉस्फियर रिसर्च कमीशन ने चीन नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के साथ चांगए-8 चंद्र मिशन के लिए साझेदारी की है, जो 2028 में प्रक्षेपित किया जाएगा। यह पहली बार है जब पाकिस्तान किसी चंद्रा वॉलटियर मिशन में भाग ले रहा है।



**7. हाल ही में जम्मू फ्रंटियर के लिए सीमा सुरक्षा बल का नया महानिदेशक किसे नियुक्त किया गया है ?**

(A) सुमित सिन्हा (B) शशांक आनंद

(C) मनोज चौधरी (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में जम्मू हरियाणा कैडर के आईपीएस अधिकारी शशांक आनंद ने सीमा सुरक्षा बल जम्मू फ्रंटियर के नए महानिरीक्षक का पदभार संभाल लिया। उन्होने आईजी डीके बूरा का स्थान लिया, जिन्हें नई दिल्ली स्थित बीएसएफ मुख्यालय में तैनात किया गया हैं। बीएसएफ जम्मू फ्रंटियर ने 9 अक्टूबर को पोस्ट किया, शशांक आनंद ने बीएसएफ डीके बूरा के स्थान पर नियुक्त किया गया है।



**8. हाल ही में एक उच्च स्तरीय समिति ने विभिन्न राज्यों के लिए आपदा न्यूनीकरण के लिए कितने करोड़ रूपये मंजूर किए ?**

(A) 2025.06 (B) 3027.86

(C) 3529.86 (D) 4821.89

**(B)** उच्च स्तरीय समिति की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने की। इस समिति में केंद्रीय वित मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष शामिल हैं। इस समिति ने 10 राज्यों के ऐसे 50 जिलो में बिजली गिरने के जोखिम को कम करने के लिए Mitigation Project on Lightning Safety पर विचार किया जो बिजली गिरने की घटनाओं से सबसे अधिक प्रभावित है।





**9. हाल ही में किसे CRPF का महानिदेशक नियुक्त किया गया है ?**

(A) मनीष सिंघल (B) भारत कुलकर्णी

(C) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का नया महानिदेशक नियुक्त किया। उनका कार्यकाल 30 नवंबर 2027 तक या अगले आदेश तक रहेगा। वे असम मेघालय कैडर के 1991 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं। इस पद पर वह अनीश दयाल सिंह का स्थान लेंगे।







**10. हाल ही में एलडीएल एडीजी के रूप में किसे नियुक्त किया गया है ?**

(A) महेश कुमार (B) श्रीकृष्ण कुमार

(C) संजीव कुमार शर्मा (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में महेश कुमार अग्रवाल, तमिल कैडर के 1994 के बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त महानिदेश के रूप में नियुक्त किए गए हैं। इस दावे की पुष्टि गृह मंत्रालय द्वारा की गई। अग्रवाल इस पद पर चार वर्षो तक सेवा देंगे, जब तक वे ग्रहण करते रहेंगे या अगले आदेश तक जो भी पहले हो।

